तुरंत रिलीज के लिए

# ब्रैम्पटन सॉकर सेंटर का नाम बदलकर सेव मैक्स स्पोर्ट्स सेंटर रखा जाएगा

## सिटी ने सबसे पहले सार्वजनिक फैसिलिटी नामकरण अधिकार एग्रीमेंट पूरा किया

ब्रैम्पटन, ओनटैरियो (26 अक्तूबर, 2020) – जल्द ही, ब्रैम्पटन सॉकर सेंटर (Brampton Soccer Centre), जो 1495 सेंडलवुड पार्कवे ईस्ट (1495 Sandalwood Parkway East) पर स्थित है, का नया नाम – सेव मैक्स स्पोर्ट्स सेंटर (Save Max Sports Centre) होगा।

30 सितम्बर को, ब्रैम्पटन सिटी काउंसिल (Brampton City Council) ने, ब्रैम्पटन सॉकर सेंटर के बाहर लगे बोर्ड के नामकरण अधिकारों के लिए 2,512,500 डॉलर के लिए, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन और सेव मैक्स रियल एस्टेट इंक. (Save Max Real Estate Inc.) के बीच, 15-वर्षीय एग्रीमेंट को मंज़ूरी दी थी। यह एग्रीमेंट पूरा हो गया है और यह कार्रवाई, मार्च 2019 में सिटी काउंसिल द्वारा मंज़ूर की गई सिटी की स्पांसरशिप कार्यनीति के मुताबिक है।

सिटी फैसिलिटी के नामकरण अधिकारों के लिए मंज़ूरी, उस फैसिलिटी के संचालनों और भविष्य की वृद्धियों से जुड़े खर्चों में संतुलन कायम करने के लिए नया राजस्व पैदा करने के स्थित साधन प्रदान करती है। नामकरण अधिकारों से प्राप्त राजस्व, टैक्स देने वालों पर अतिरिक्त खर्च डालने की बजाए, निवासियों को अधिक सेवा प्रदान करने से जुड़े कुछ खर्चों को कम करने में मदद करेगा।

सिटी, आने वाले कुछ महीनों में ही सेंटर के बाहर लगे साइन बोर्ड के साथ-साथ, सड़क पर लगे साइन बोर्डों, रास्ता बताने वाले संकेतकों, प्रशासनीय और प्रचार सामग्रियों को बदलेगी।

समुदाय को वापस लौटाने के लिए, सेव मैक्स रियल एस्टेट इंक., सेव मैक्स स्पोर्ट्स सेंटर में, ब्रैम्पटन के 10 से 13 वर्ष के युवाओं के लिए, स्कूल समय के बाद का एक मुफ्त ड्रॉप-इन (बिना बुकिंग के) बास्केटबॉल प्रोग्राम स्पांसर करेगी। मनोनीत युवा-अनुकूलित समुदाय (designated youth-friendly community) के तौर पर, युवा प्रोग्रामिंग में निवेश करना, सिटी के लिए मुख्य प्राथमिकता है।

**नामकरण अधिकार और स्पांसरशिप**

मार्च 2019 में, ब्रैम्पटन सिटी काउंसिल ने, पूरे शहर में स्पांसरशिप कार्यनीति और एक अपडेट की गई स्पांसरशिप व नामकरण अधिकार नीति (Sponsorship and Naming Rights Policy) ग्रहण करने के हिस्से के तौर पर, नामकरण अधिकारों की बिक्री के लिए, सिटी की फैसिलिटीज की छोटी सूची को मंज़ूरी दी थी। पूरे शहर में स्पांसरशिप और नामकरण अधिकारों का प्रोग्राम, निवासियों के लिए बढ़े हुए अनुभव तैयार करते हुए, कारोबारियों के लिए समुदाय से जुड़ने के अनुकूलित अवसर पेश करता है। सिटी, बढ़े हुए वित्तीय दबावों के साथ, निवासियों को बेहतर किस्म की ज़िंदगी प्रदान करते हुए, टैक्स देने वालों पर असर को कम करने के लिए प्रतिबद्ध है। गोर मेडोज कम्युनिटी सेंटर (Gore Meadows Community Centre) और टेरामोटो क्रिकेट फील्ड (Teramoto Cricket Field) सहित, स्पांसरशिप और नामकरण अधिकारों के उपलब्ध अवसरों के बारे में जानने के लिए, www.brampton.ca/sponsorship पर जाएं या sponsorbrampton@brampton.ca पर ईमेल करें।

**ब्रैम्पटन सॉकर सेंटर के बारे में**

152,000 सक्वेयर फुट की फैसिलिटी, तीन इनडोर घास के मैदानों, एक नियत डांस स्टूडियो और तीन बास्केटबॉल कोर्टों वाले, पूरा साल चलने वाले, बेहद आधुनिक आर्ट जिम्नेजियम के लिए घर है, जिसे संपूर्ण-आकार वाली एफ.आई.बी.ए. (FIBA) सेंटर कोर्ट में बदला जा सकता है। आउटडोर सहूलियतों में शामिल हैं, स्पोर्ट्स फील्ड, बास्केटबॉल कोर्ट, स्प्रे पैड और प्लेग्राउंड। इस पतझड़ पूरे किए जाने के लिए नियोजित नई सहूलियतों में शामिल हैं, दो जगमगाजे बनावटी घास के मैदान, सीजनल डोम स्ट्रक्चर, तीन-लेन वाला 60-मीटर का दौड़ने वाला ट्रैक और एक पवेलियन। औसतन, फैसिलिटी हर माह 75,000 आंगुतकों का स्वागत करती है। सेकंडरी नामकरण अधिकार, इनडोर फील्डस और कोर्टों के साथ-साथ, नई आउटडोर सहूलियतों के लिए उपलब्ध हैं। ब्रैम्पटन सॉकर सेंटर का आभासी टूर (virtual tour) लें।

**हवाले**

“यह घोषणा करते हुए मुझे खुशी हो रही है कि जल्द ही, ब्रैम्पटन सॉकर सेंटर का नाम बदलकर सेव मैक्स स्पोर्ट्स सेंटर रख दिया जाएगा। यह सिटी और स्थिर सामुदायिक निवेश के लिए एक बहुत बड़ा कदम है। हमने निवासियों पर कम असर डालने वाले गैर-टैक्स राजस्व स्रोत ढूंढने के बारे में, निवासियों की राय ली। स्पांसरशिप और नामकरण अधिकार, राजस्व पैदा करने का एक नया तरीका है, जिससे समुदाय को लाभ होगा।”

- *पैट्रिक ब्राउन (Patrick Brown), मेयर, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन*

“यह निवेश, बिल्डिंग का नाम बदलने से बढ़कर अन्य चीज़ के बारे में है – यह उस अवसर और हमारी सहूलियतों में और वृद्धि करने के बारे में है, जिससे संचालन संबंधी कुछ खर्चों का बोझ टैक्स देने वाले पर डालने की बजाए, उन्हें रोका जा सकता है। अतिरिक्त राजस्व से हम सेंटर के उपयोगकर्ताओं को और अच्छी सेवाएं प्रदान कर सकते हैं।”

- *रोएना सैन्टोस (Rowena Santos), रीजनल काउंसलर, वार्ड्स 1 और 5; चेयर, कम्युनिटी सर्विसिज, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन*

“ब्रैम्पटन सॉकर सेंटर, ब्रैम्पटन में असली ऐतिहासिक चिन्ह वाली स्पोर्ट्स फैसिलिटी है। मैं इस साझेदारी का स्वागत करती हूं और युवाओं को मुफ्त बास्केटबॉल प्रोग्रामिंग प्रदान करने के लिए सेव मैक्स रियल एस्टेट इंक. की सराहना करती हूं। कैनेडा में सबसे अधिक युवा आबादी वाले शहरों में से एक के तौर पर, हम जानते हैं कि युवाओं को जरूरी गतिविधियां प्रदान करने बेहद आवश्यक है, जो उनकी संपूर्ण भलाई में मदद करने वाली हों।”

- *शार्मेन विलियम्स (Charmaine Williams), सिटी काउंसलर, वार्ड्स 7 और 8; वाइस-चेयर, कम्युनिटी सर्विसिज, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन*

“सिटी का स्टाफ, सिटी के कई प्रोग्रामों, पहलकदमियों और कार्यक्रमों के लिए स्पांसरशिप सुरक्षित करने हेतु, कारोबारियों के साथ साझेदारियां करने पर पूरी मेहनत से काम कर रहा है, जो सफल सिद्ध हुए हैं। फैसिलिटी के नामकरण अधिकारों को बेचना, राजस्व के वैकल्पिक स्रोत ढूंढने में सही दिशा में उठाया गया कदम है, ताकि हमारे समुदाय को बढ़ी हुई सेवाएं और प्रोग्राम प्रदान करना जारी रखा जा सके।”

- *डेविड बैरिक (David Barrick), चीफ एडमिनिस्ट्रेटिव अफसर, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन*

"मेरे दिल में ब्रैम्पटन की बहुत खास जगह बनी हुई है क्योंकि जब मैं 2003 में कैनेडा आया था तो यह मेरा पहला घर था। उसके बाद इसने मुझे बहुत मदद और सफलता प्रदान की है। सेव मैक्स में हम इस नई साझेदारी को लेकर उत्साहित हैं। जब युवा पीढ़ी की बात आती है, हम बहुत जोश और भागीदारी के साथ काम करते हैं। हम मानते हैं कि रेक्रिएशन संबंधी गतिविधियों में निवेश करना, युवाओं के विकास में बड़ी भूमिका निभाता है क्योंकि इससे युवाओं को विकसित होने के लिए स्वस्थ वातावरण मिलता है। यह हमारी खुशकिस्मती है कि हम इस तरीके से सिटी को वापिस देने योग्य हैं और हमारे विचार में अब समुदाय के कुछ अच्छा करना, उन्हें धन्यवाद कहने का भी हमारा तरीका है। "

– *रमन दुआ (Raman Dua), चीफ एग्जीक्यूटिव अफसर और मालिक, सेव मैक्स रियल एस्टेट इंक.*

-30-

**कैनेडा में सबसे अधिक तेजी से बढ़ने वाले शहरों में से एक के तौर पर, ब्रैम्पटन 650,000 लोगों और 70,000 कारोबारियों का घर है।** हम जो भी करते हैं, लोगों को ध्यान में रखते हुए करते हैं। हम अपने विविध समुदायों से उत्साहित होते हैं, हम निवेश को आकर्षित करते हैं और हम तकनीक और वातावरण संबंधी नवीनता को आगे बढ़ाने के सफर पर हैं। हम एक ऐसा स्वस्थ शहर बनाने में प्रगति के लिए सहभागिता करते हैं, जो सुरक्षित, स्थिर व सफल हो। हमारे साथ Twitter, Facebook, और Instagram पर जुड़ें। www.brampton.ca पर और जानें।

**मीडिया संपर्क**
मोनिका दुग्गल (Monika Duggal)
कोआर्डिनेटर, मीडिया एंड कम्युनिटी एन्गेजमेंट
स्ट्रैटजिक कम्युनिकेशन
सिटी ऑफ ब्रैम्पटन
905-874-3426 | Monika.Duggal@brampton.ca

लवलीन धीमान (Loveleen Dhiman)
डायरेक्टर ऑफ मार्केटिंग, सेव मैक्स रियल एस्टेट
905.459.7900 एक्सटेंशन 122 | loveleen@savemax.ca